लघु बैटरी उद्योग को सुदृढ़ बनाने के लिए 1985 से कार्यरत

बैटरी डायरेक्टरी

एंड ईयर बुक

पाक्षिक अंक 1-15 सितम्बर 2026

वर्ष 41, अंक 17, प्रकाशित 20 सितम्बर 2026

एक अंक का मूल्य: ₹ 5/-, वार्षिक मूल्य: ₹ 650/-

Uniting Small Scale Battery Industry
41 years of Publication
Since 1985

Contents on page no. 10

BATTERY DIRECTORY & YEAR BOOK

MICROTEX®

Since 1969

LIMITLESS™
TRACTION POWER

For Battery operated forklifts

Ranging from 24V to 96V with welded or bolt-on terminals
PzB from 42Ah to 1404Ah PzS from 100Ah to 1550Ah

Dealership enquiries invited

Traction

Website

www.microtex.com

info@microtex.com +91 9686 448899

Better capacity | Better performance | Better life

Contents

SWARAJYA

IGBT Charger
with
Regenerative Discharger

Product Range:

- **IGBT Based Charger / Discharger**
- **Battery Life Cycle Tester**
- **Battery Capacity Tester**
- **Battery Load Tester**
- **Electroplating & Industrial Rectifier**

Regenerative Charger / Discharger

IGBT based Technology
Compact Size to save space
Fully Automatic Operation
Highly Reliable & Low Maintenance
Save Electricity
Completely Ripple free pure DC Charging
Regenerative Discharging without Heater
10 x 10 Easily Programmable Charge, Rest & Discharge Timers.
Constant Current Constant Voltage (CC-CV) Charging
Discharging power used to charge other circuit batteries
Multiple Chargers can be interconnected to share Discharging Power

India's Most Advanced Charger Technology

In-house R&D Lab Customized Product also available

B-31, DSIIDC Engineering Complex, Phase-1, Mangolpuri Industrial Area, Delhi- 110083
Mob.: 9560409195, Email: charger.swarajya@gmail.com
Website: ChargerDischarger.com

Since 1982
GOLDSTAR®
DRIVE WITH
MORE POWER
Higher Cranking Power
विश्वास वही
सोच नई
LONG RUN BATTERY
GOLDSTAR®
TOLL TUBULAR
CALCIUM INSIDE
GP-2300TT
DUM HAI
1800 212 0303
TOLL FREE NUMBER
Regd. Office & Factory :
Rajkot Road, Hapa - 361120
Dist. Jamnagar, (Gujarat) India.
tel : +91 288257 11 20/21
Mob. No.: +91 93770 09303
marketing@goldstarpower.com
SALES INQUIRY : 99099 50303
AUTOMOTIVE / TUBULAR / SOLAR / VRLA
E-RICKSHAW & MOTORCYCLE BATTERIES
Branch Office:
3, J.P. Estate, B/H. Sukh sagar hotel,sanand cross road, sarkhej, ahmedabad - 382 210 (Gujarat) india.
tel : +91 79 268 90 901
ahmedabad@goldstarpower.com

MAC
ENGINEERING & EQUIPMENT

सर्विस
वारंटी को बरकरार रखते हुए
मशीन का रखरखाव करने के लिए
फ़ैक्टरी प्रशिक्षित सर्विस तकनीशियन।

कस्टमर फोकस
समर्पित टीम साथ मिलकर
मशीन को बेहतर ढंग से संचालित करने
के लिए पुर्जों और रखरखाव का शेड्यूल तैयार रखेगी।

वर्ल्डवाइड सपोर्ट
अमेरिका और भारत में कार्यालयों के साथ, दुनिया भर के
ग्राहकों को उत्पाद बेचता है और उनका समर्थन करता है।

बैटरी निर्माण विशेषज्ञ
बैटरी निर्माण उपकरणों में विशेषज्ञता, जिनमें शामिल हैं:
पेस्टिंग, फ्लैश ड्राई, स्टैकिंग, असेंबली,
ड्राई चार्ज और ऑटोमेशन उपकरण।

MAC सपोर्ट टीम पुणे, इंडिया में उपलब्ध

Tiegel Manufacturing Co. BY MAC ENGINEERING, USA

WGBI Women in the Global Battery Industry SUSTAINING SPONSOR

HARDIGG

+ 1 269-925-3295
+17706058764
maceng@mac-eng.com
www.mac-eng.com
MAC Engineering and Equipment Co.,

LITHIUM BATTERY FRP CONTAINER

BOSS®
BUILT TO PROTECT

STRONG. SAFE. SMART.

FIRST TIME MANUFACTURE IN INDIA BY BOSS®

- E-RIKSHAW
- SOLAR
- INVERTOR
- E-SCOOTY

DURABLE & STRONG
High strength FRP for long life.

WATER & CORROSION RESISTANT
Protects batteries in all weather conditions.

SAFE & SECURE
Insulated design for maximum safety.

LIGHTWEIGHT & ECO FRIENDLY
Easy to handle and environment friendly.

M.G. Plastic Industries

9315765039

55 Rajasthani Udhyog Nagar
Delhi 110033

BUILT STRONG. BUILT IN INDIA.

Jiangsu Derongfu Rubber & Plastic Technology Co., Ltd

PE Separators

Industrial/E-Rickshaw (More Power)

20 Years Production History



Thickness PE 0.6~1.7mm

PE(0.7~1.3mm)+GM(0.3~0.6mm)



Thickness PE 0.6~1.7mm

Automotive (Higher CCA)



PE(0.7~1.3mm)+GM(0.3~0.6mm)

AGM Separators **(Longer Lifespan)**

India Office Add:E-305, Khokhra Cir, Maninagar East, Maninagar, AHMEDABAD-382430, Gujarat.
Factory Add:No. 89, Ganjin Rd., Hongguang Village, Baqiao Town,
Yangzhong City, Zhenjiang, Jiangsu Province, China.
Website:www.jsdrf-tech.com
Email:drf-separator@hotmail.com / market@jsdrf-tech.com

WhatsApp:
+91-8129982325
+86-18952850039

बैटरी डायरेक्टरी का डिजिटल वर्जन

ऑनलाइन बैटरी डायरेक्टरी

में शामिल सभी

आयातक
निर्यातक
ISO फर्म
वितरक
निर्माता
डीलर
ईमेल

ऑनलाइन देखें
एक क्लिक पर

हार्ड कापी 650 रु.

ऑन लाइन बैटरी डायरेक्टरी वार्षिक शुल्क 1000 रु.

शुल्क निम्नलिखित में से किसी भी एकाउंट में जमा करा कर सूचित करें :-

BANK ACCOUNT of **BATTERY DIRECTORY AND YEAR BOOK**			
BANK NAME	**ACCOUNT NO**	**IFSC CODE**	**BRANCH ADDRESS**
UNION BANK OF INDIA	565101000013133	UBIN0920711	GTB Enclave, NVM, Delhi-110 093
PhonePe / Google Pay / Paytm A/c	CHANDRA MOHAN - Mobile No. 9810268067		

सदैव अपडेटेड रहें

Uniting Small Scale Battery Industry
41 years of Publication
1985 - 2026

बैटरी डायरेक्टरी एंड ईयर बुक

510, जनता फ्लेट्स, जी.टी.बी. एन्क्लेव, दिल्ली-110093
मोबाइल9810268067, 9971150801, 9910699538
E-mail: battdir@gmail.com

www.onlinebatterydirectory.com | batterydirectory.co.in

बैटरी डायरेक्टरी एण्ड ईयर बुक (वर्ष 41 अंक 17)
1-15 सितम्बर 2026 (प्रकाशित 20.09.2026)

बैटरी डायरेक्टरी
एंड ईयर बुक

बार-बार सबस्क्राइब करने से पाएं छुटकारा

बनें लाइफमेम्बर

शुल्क मात्र 10,000 रूपए

ट्रांसफर या पेटीएम करके

बैटरी डायरेक्टरी आजीवन प्राप्त कीजिए।

वार्षिक डायरेक्टरी में आपकी फर्म का विवरण मुफ्त छपता रहेगा और पाक्षिक व वार्षिक अंक बराबर मिलते रहेंगे।

शुल्क निम्नलिखित में से किसी भी एकाउंट में जमा करा कर सूचित करें :-

BANK ACCOUNT of BATTERY DIRECTORY AND YEAR BOOK			
BANK NAME	*ACCOUNT NO*	*IFSC CODE*	*BRANCH ADDRESS*
UNION BANK OF INDIA	565101000013133	UBIN0920711	GTB Enclave, NVM, Delhi-110 093
PhonePe / Google Pay / Paytm A/c	CHANDRA MOHAN - Mobile No. 9810268067		

Uniting Small Scale Battery Industry
41 years of Publication
1985 - 2026

बैटरी डायरेक्टरी एंड ईयर बुक

510, जनता फ्लेट्स, जी.टी.बी. एन्क्लेव, दिल्ली-110093

मोबाइल: 9810268067, 9971150801, 9910699538

Email: battdir@gmail.com

www.batterydirectory.co.in | onlinebatterydirectory.com

METACOR

ISO 9001: 2015

CORK POWDER

For Mold Coating

- It has a finer Texture & prepared for the higher casting speeds & temperatures.
- It is designed to make battery plate Grid casting application easier.

CONTACT US

Call: + 91 9312285580

www.metacor.in

Contents

धन आता है चला जाता है, नैतिकता आती है बढ़ती जाती है। -भगवान श्री सत्य साई बाबा

बैटरी डायरेक्टरी एंड ईयर बुक

510, जनता फ्लैट्स, जी.टी.बी. एन्कलेव,
दिल्ली-110093, मो. 9810268067
Email : battdir@gmail.com
Website : www.batterydirectory.co.in & www.onlinebatterydirectory.com

संपादक: चंद्रमोहन - 9810268067
सह-संपादक: शेखर वर्मा - 9910699538
उप-संपादक: एकता वर्मा - 9971150802
विज्ञापन: अनुराधा - 9971150801
संपादकीय सलाहकार:
डॉ. आर.सी. शर्मा, अरविंद मोहन

वर्ष:41 **अंक:**17, 1-15 सितम्बर 26 (प्रकाशित 20 सितम्बर 26), अंक का मूल्य ₹ 5/-, पृष्ठ: 56, (वार्षिक शुल्क ₹ 650/-)
Registered with Registrar of Newspapers for India Regd. No. RN 43092/85

एसोसिएशन समाचार

राजस्थान स्टोरेज़ बैटरी ट्रेड एसोसिएशन की वर्षाकालीन सामूहिक गोठ (पिकनिक) सम्पन्न 12
विजेताओं को पुरस्कृत किया गया 13

लेख

जोरहाट में पॉवर-7 बैटरी के 50 साल 14
बाजार में लैड-एसिड बैटरी अभी भी महत्वपूर्ण 18
लैड बैटरी की स्क्रैप वैल्यू अधिक 18
लिथियम बैटरियों की मांग बढ़ी 18

समाचार

श्री मूलजी भाई पंसारा को 66वें जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ 16
शुभकामना संदेश 17
कंटेनर में रखे बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम पर 5% GST की मांग 27
राजस्थान PM-KUSUM के तहत डिसेंट्रलाइज़्ड सोलर क्षमता में सबसे आगे 28

Contents

बैटरी में धमाके के बाद आग का गोला बनी इलेक्ट्रिक स्कूटी 29
इलेक्ट्रिक स्कूटी की बैटरी फटी: घर में लगी आग 30
चार्जिंग करते समय ई-रिक्शा बैटरी में विस्फोट 31
ई-स्कूटर या उनकी बैटरी की वजह से 2,000 से ज़्यादा आग लगने की घटनाएं हुईं 32
पुरानी EV बैटरियों से ग्रेफाइट रिकवर करेगी LICO 33
भारत का बैटरी उद्योग वित्त वर्ष 2030 तक 20 लाख नौकरियां देगा 34

तकनीकी लेख

रिफाइंड लैड की ज़िम्मेदार सोर्सिंग – **डॉ. सुरेश कपिती** 22
भारत की लैड अर्थव्यवस्था: एक सर्कुलर अवसर 22
ट्यूबलर प्लेट बैटरी – **माइक्रोटैक्स एनर्जी प्रा. लि.** 35
ट्यूबलर बैटरी व फ्लैट बैटरी में अंतर 36
कौनसी बेहतर ट्यूबलर या फ्लैट प्लेट बैटरी? 36

श्रद्धांजलि

श्री राधेश्याम मंगला का स्वर्गवास 51
स्व. श्री महेंद्र कुमार गुप्ता जी को तेरहवी पुण्यतिथी पर श्रद्धांजलि 52

साईं शरणागति

पैरालाइज्ड इटेलियन महिला को मात्र एक आदेश से ठीक किया – **अभिमन्यु कौल** 47
लिखित जप शुरू करें 51
प्रेरक विचार – **अजय गुप्ता** 41

Advertiser's Index

Goldstar Power Limited 3
Harsha Industries Corporation .... 54 & 55
Intex Separator 56
Jiangsu Derongfu Rubber & Plastic Technology Co., Ltd. 6
M.G. Plastic Industries 5
MAC Engineering & Equipment Co., Inc. 4
Manish Enterprises 9
Microtex Energy (P) Limited 1
Swarajya Industries 2

सदस्यता अथवा विज्ञापन शुल्क **BATTERY DIRECTORY AND YEAR BOOK** के खाते में निम्नलिखित बैंक में नकद अथवा चैक द्वारा अपने शहर में ही जमा कराकर रसीद प्राप्त करने के लिए हमें फोन कर सकते हैं।

CURRENT BANK ACCOUNT of **BATTERY DIRECTORY AND YEAR BOOK**				
BANK NAME	***A/c***	***ACCOUNT NO***	***IFSC CODE***	***BRANCH ADDRESS***
UNION BANK OF INDIA	**OD**	**565101000013133**	**UBIN0920711**	**GTB Enclave, NVM, Delhi-110 093**
PhonePe, Google Pay Account	**CHANDRA MOHAN - Mobile No. 9810268067**			

राजस्थान स्टोरेज़ बैटरी ट्रेड एसोसिएशन की

वर्षाकालीन सामूहिक गोठ (पिकनिक) सम्पन्न

राजस्थान स्टोरेज़ बैटरी ट्रेड एसोसिएशन की ओर से सीकर रोड स्थित सिल्वर इन रिसोर्ट एण्ड बैंक्वेट में 6 सितम्बर को मेगा गोठ, पिकनिक व सांस्कृतिक संध्या का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में प्रदेशभर से करीब 600 बैटरी व्यवसाईयों ने भाग लिया। गोठ समिति संयोजक **श्री रमेश प्रजापत, श्री राकेश मालानी** व **जनाब रफीक मंसूरी** के नेतृत्व में कबड्डी, म्यूजिकल चेयर, हाउजी, लकी ड्रॉ और सांस्कृतिक प्रोग्राम हुए। समारोह में कई बैटरी उद्यमियों ने प्रोडक्ट स्टॉल भी लगाए गए। **संस्थापक सदस्य श्री सतीश चन्द्र हेडा, संरक्षक**

पहली पंक्ति में बैठे हैं एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री सतीश शर्मा, फैडरेशन के सैन्ट्रल वेस्ट जोन के अध्यक्ष श्री कमल कंसल व फैडरेशन के नार्थ जोन के अध्यक्ष श्री हंसराज अग्रवाल।

विजेताओं को पुरस्कृत किया गया

श्री हंसराज अग्रवाल, अध्यक्ष श्री सतीश शर्मा, महासचिव श्री लोकेश टिक्कीवाल, कोषाध्यक्ष श्री सुरेंद्र शर्मा सहित अन्य पदाधिकारियों ने व्यापारिक एकता और आपसी भाईचारे पर बल दिया।

समारोह का संचालन **श्री पूनमचंद कच्छवाह** ने किया। मुख्य प्रायोजक थे- रेडऑन लिथियम इंडस्ट्रीज़ एलएलपी, बैंगलुरू। कार्यक्रम के प्रायोजक थे ग्रेविटा इंडिया लि., जयपुर। सह-प्रायोजक थे- जयपुर के एवीआई एन्टरप्राईज़िज, मैक्स पॉवर सोल्युशन, हरि ओम बैटरी, राजधानी ट्रेडिंग कोर्पोरेशन, साइनवेव एनर्जी सेवर प्रा. लि. व प्रिन्स प्रोपकॉन (इंडिया) प्रा. लि.। ❑

समारोह का एक दृश्य

जोरहाट में पॉवर-7 बैटरी के 50 साल

- सज्जन कुमार मित्तल -
चेयरमैन, एस.के. इंडस्ट्रीज़, जोरहाट

मेरी कहानी शुरू होती है वर्ष 1971 से। मैट्रिक पास करके मैं तिनसुकिया से ट्रक में बैठकर जोरहाट आया। मेरे पिताजी स्क्रेप का काम करते थे, इसलिए मैंने भी जोरहाट में आकर स्क्रेप का काम शुरू किया। पुराना लोहा, पीतल और दूसरी मैटल खरीदता था। फिर एक दिन पुरानी बैटरी सामने आई। उसे देख कर मेरे मन में सवाल उठा, यह बैटरी क्या चीज है? बस यहीं से मेरी बैटरी की कहानी शुरू हुई।

बैटरी की मैनुअल असेंबली

मैंने बैटरी काट कर प्लेटें निकाली, लैड अलग किया और प्लेटों का चूरा अलग। उस समय जोरहाट असम में बैटरी इंडस्ट्री नहीं थी। 1971 से1975 तक चूरा और लैड निकाल कर कोलकाता बेचता रहा। वर्ष 1976 में कुछ लोकल बैटरी एसेम्बलर्स मेरे पास आए और प्लेट्स मंगा कर देने को कहा। उन दिनों बैटरी की मैनुअल असेंबली होती थी। जोरहाट में करीब 100 बैटरी एसेम्बलर्स थे।

वर्ष 1982 में बैटरी प्लेट्स बनाई

एम्बेसडर और ट्रक की बैटरियाँ ज्यादा चलती थी। मैंने कोलकाता से ब्रैंडेड प्लेट्स मंगाकर देना शुरू किया। लोग प्लेट्स लेकर अपनी बैटरीज़ असेम्बल करते थे। वर्ष 1982 में हमने बैटरी प्लेट्स जोरहाट में ही बनाना शुरू किया। वर्ष 1984 में मेरे मन में आया कि मैं खुद बैटरी क्यों न बनाऊं और मैंने अपनी बैटरी **पॉवर-7** के नाम से बनाना शुरू किया। मैं 5 लोगों को जोरहाट लाया, जिनमें दो बैटरी टेक्नीशियंस थे। मैंने भी उनके साथ खुद बैटरी बनाना सीखा।

वर्ष 1985 में इन्वर्टर आया

उस समय हार्ड रबर के काले कंटेनर में बैटरियाँ बनती थी। शुरु में महीने में सिर्फ 5 बैटरीज़ बिकी, फिर बिक्री 30 और धीरे-धीरे 40 बैटरीज़ महीने तक पहुँच गयी। तभी एक नई जरूरत सामने आई। बाजार में इन्वर्टर नहीं था। वर्ष 1985 में पॉवर कट बहुत ज्यादा होते थे,

जनरेटर चलते थे, लेकिन उन्हें स्टार्ट और बंद करना मुश्किल काम था। इसी बीच असम में इनवर्टर आए, लेकिन लोगों को उनकी जानकारी नहीं थी। मैंने जोरहाट में 5 मित्रों के घर इनवर्टर लगाए और कोई पैसा नहीं लिया। मैंने कहा एक महीना इस्तेमाल करो, अच्छा लगे तो रख लेना, नहीं तो वापस कर देना। जब लाइट जाती थी, मैं स्कूटर लेकर उन घरों में जाता और देखता कि लाइट जल रही है या नहीं। किसी दोस्त के घर लाइट जलती देख कर मुझे बहुत खुशी होती थी। मेरे लिए यह मेरे काम के सफल होने का पहला अहसास था। डेढ़ महीने बाद पूछा इनवर्टर रखना है या नहीं? 4 घरों ने रख लिया, एक ने नहीं रखा, क्योंकि उनके पास जनरेटर था। मेरे लिए यह शुरुआत थी। यहीं से मैंने इन्वर्टर और बैटरी का काम शुरू किया।

वर्ष 1996 में ट्यूबलर बैटरी बनाई

उस समय तक ट्यूबलर बैटरी नहीं होती थी। फ्लैट प्लेट बैटरी की लाइफ कम थी और लोगों को हर साल या डेढ़ साल में बैटरी बदलनी पड़ती थी। सवाल था लोगों को ज्यादा लाइफ वाली बैटरी कैसे दी जाए, इसका जवाब ढूंढने मैं कोलकाता गया और कई लोगों से कंसल्टेंसी ली। वहीं ट्यूबलर बैटरी की जानकारी मिली। उन दिनों ट्यूबलर बैटरीज़ रेलवे डिपार्टमेंट में सप्लाई होती थी। बताया गया कि इसकी लाइफ 5 से 6 साल हो सकती है। मैंने वर्ष 1996 में ट्यूबलर बैटरी बनाने का काम शुरू करने का फैसला किया। कुछ लोकल असेम्बलर्स मुझ पर हंसे और बोले ट्यूबलर बैटरी चलेगी भी या नहीं। मैंने कहा ठीक है, देखते हैं। मैंने इसे कॉन्फिडेंस के साथ 2 साल की गारंटी पर लॉन्च किया। वो बैटरी 5-6 साल चली और लोगों का भरोसा ट्यूबलर बैटरी पर बढ़ता गया।

वर्ष 2000 में बाजार में हीट सील्ड बैटरीज़ आने लगी और लोगों ने हमसे भी इसकी मांग की। हमें लगा अगर मार्केट बदल रहा है तो हमें भी बदलना होगा। लेकिन हीट सील्ड प्लांट लगाने के लिए फाइनेंस की समस्या थी। हमने अपने डिस्ट्रीब्यूटर्स से कहा कि एडवांस पेमेंट पर स्पेशल डिस्काउंट देंगे। उन्होंने साथ दिया एडवांस पैसे से विदेश से हीट सील्ड प्लांट मंगाया और अन्य कंपनियों की तरह हमने भी मॉडर्न टेक्नोलॉजी के साथ काम शुरू किया और धीरे-धीरे बिजनेस स्थापित हुआ।

क्वालिटी के दम पर खड़े हैं

लेकिन यह सफर आसान नहीं था। नॉर्थ-ईस्ट में टेक्निकल लोग और बैटरी का रॉ-मैटीरियल मिलना मुश्किल था और आज भी है। हमने हर समस्या का सामना किया और हर बदलाव के साथ खुद को बदला। आज हम नॉर्थ-ईस्ट में क्वालिटी के दम पर खड़े हैं। मेरा आज भी वही विश्वास है- हमारी बैटरीज़ की लाइफ अच्छी होनी चाहिए। मेरे लिए बैटरी सिर्फ प्रोडक्ट नहीं बल्कि 50 साल की मेहनत सीख, संघर्ष और विश्वास है। 1971 में पुरानी बैटरी देखकर जो सवाल उठा था, यह बैटरी क्या

शेष पृष्ठ 26 पर →

फैडरेशन ऑफ इंडियन स्मॉल स्केल बैटरी एसोसिएशंस व गुजरात स्मॉल स्केल बैटरी एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष

श्री मूलजी भाई पंसारा को 66वें जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ

संपूर्ण देश से आए शुभकामनाएं संदेश

जिनका स्वभाव सोने जैसा चमकदार है।
जिनका दिल तारों की तरह चमकता है।
जिनके सपने आसमान जितने विशाल हैं।

ऐसे ही एक व्यक्ति ने छोटे-बड़े सितारों (लोगों) को इकट्ठा किया और एक विशाल तारामंडल बनाया, और उसी से जन्म हुआ... "**गोल्डस्टार पावर लिमिटेड कंपनी**" का।

इसके संस्थापक विभापर गाँव की शान और पंसारा परिवार के अनमोल रत्न हैं - सम्मानित, दूरदर्शी और आत्मविश्वास से भरे बुजुर्ग श्री मूलजीभाई पंसारा। आपको जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएँ!

दिन-रात की परवाह किए बिना कड़ी मेहनत, लगन और ईमानदारी के रास्ते पर चलते हुए उन्होंने इस गोल्डस्टार साम्राज्य की स्थापना की, जो आज एक विशाल बरगद के पेड़ की भांति फैल गया है और जिसकी शाखाएँ भारत और विदेशों में भी पहुँच रही हैं। ऐसे सरल, सौम्य और कर्तव्यनिष्ठ पिता का प्यार हमेशा उनके बेटे, बेटी, बहू, पोते-पोतियों, परिवार और दोस्तों पर बरसता रहता है। उनका असीम स्नेह और ममतामयी नज़र हमेशा अपने बच्चों पर बनी रहती है। और जब बच्चे कभी-कभी बहुत ज़्यादा तरक्की के नशे में रास्ता भटक जाते हैं, तो वे भगवान शिव की तरह अपनी तीसरी आँख खोलकर उन्हें सही रास्ते पर लाना जानते हैं। यह बिल्कुल सही है कि पूरा गाँव ऐसे क्षमाशील मूलजीभाई को "महादेव" के रूप में जानता है। क्योंकि जीवन के उतार-चढ़ाव और सामाजिक, आर्थिक व व्यावसायिक चुनौतियों का सामना करते हुए, उन्होंने कई बार शिव की तरह विषपान किया है और परिवार को माला के मोतियों की तरह एक धागे में पिरोकर रखा है। यह 'स्टार परिवार' की एकता को दर्शाता है।

आज, उनके विशाल साम्राज्य की पूरी ज़िम्मेदारी उनके दो मज़बूत हाथों - नवनीत और विशाल ने शिवम के साथ मिलकर संभाल ली है। कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर के तौर पर नवनीत ने बहुत कम उम्र में बड़ी तरक्की और शोहरत हासिल की है, जबकि विशाल ने युगांडा के पूरे कारोबार को बड़ी मेहनत और लगन से

संभाला है। शिवम ने भी अपने पिता और ताऊजी से परिपक्वता के सबक सीखे हैं और अपने बड़े भाई नवनीत के साथ कदम से कदम मिलाकर भारत और विदेशों में कंपनियों का कामकाज संभालने में सक्षम हो गए हैं। इस तरह, **अमृत काका** और अपने पिता के मार्गदर्शन में, नवनीत, विशाल और शिवम 'स्टार साम्राज्य' को 'स्टार वर्ल्ड' की ओर ले जा रहे हैं। इतना ही नहीं, कंपनी में बेटे के साथ-साथ बहू को भी बराबर का स्थान देकर उन्होंने उसे अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर दिया है। उन्होंने ध्रुति को बिज़नेस की बारीकियां सीखने और सबके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने के काबिल बनाया है, और इस तरह यह साबित किया है कि बेटा और बेटी बराबर होते हैं। इस प्रकार, गोल्डस्टार की सफलता में परिवार की महिला शक्ति का भी बराबर का योगदान है।

स्टार परिवार न केवल पैसा कमाना जानता है, बल्कि समय आने पर ज़रूरतमंद लोगों और समाज की मदद करना भी जानता है। इस तरह, वे समाज को यह संदेश देते हैं कि निरंतर कर्म ही सच्चा धर्म है और कड़ी मेहनत ही सफलता की कुंजी है। अपनी जन्मभूमि से जुड़े ऐसे साहसी लोगों के बारे में कुछ शब्द लिखते हुए मुझे भी गर्व महसूस हो रहा है। मेरी शुभकामनाएँ हैं कि "गोल्डस्टार पावर लिमिटेड" कंपनी आसमान की ऊंचाइयों को छुए और देश-विदेश में गाँव का नाम रोशन करे...

आज मूलजीभाई के जन्मदिन पर, मैं प्रार्थना करती हूँ कि भगवान महादेव उन्हें लंबी और स्वस्थ आयु प्रदान करें और वे अपना शेष जीवन मान-सम्मान के साथ व्यतीत करें।

– सुरभि पटेल

महादेव हर... जय श्री कृष्ण..

शुभकामना संदेश

Mulji Bhai Stay blessed. Many happy returns of the day.

– Harashpal Singh Sawhney, *Harsha Industries Corporation, Delhi*

Peace, and many more wonderful years ahead. Have a truly blessed and beautiful birthday!

– Ravi K. Govindan, *Microtex Energy (P) Ltd., Bengaluru*

Mulji bhai stay blessed always.

– Ajay Gupta, *A.K. Auto Agency (P) Ltd., Mumbai*

May God bless you with good health, happiness,

– Hans Raj Agarwal, *Hi Tech Insulators Pvt. Ltd., Jaipur*

Mulji bhai wish you a very happy birthday God bless you.

– Madan Lal, *Hyderabad Battery Association, Hyderabad*

Happy birthday Sahabh ji, Wishing you a very Happy Birthday Mulji Bhai.

– Ravi Nakra, *Nakra Sales, Kota*

आदरणीय श्री मूल जी पंसारा साहब को जन्म दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ.

– Poonam Chand Kachhawa, *Balaji Storage Batteries Ltd., Paonta Sahib*

Many Many Happy Returns of the day MULJI BHAI. Happy Birthday.

– Dr. Dhanyesh Namdeo Lohokare, *Indo Automotive Batt. Pvt. Ltd., Pune*

❏

लैड-एसिड से लिथियम तक: बैटरी तकनीक में बदलते विकल्प और सुरक्षा की बड़ी चुनौती

बाजार में लैड-एसिड बैटरी अभी भी महत्वपूर्ण

बाजार की मौजूदा स्थिति में लैड-एसिड बैटरियाँ अभी भी कीमत के लिहाज से काफी प्रतिस्पर्धी हैं। क्षमता और मॉडल के अनुसार बड़ी बैटरियों की कीमत लगभग ₹7,000 से ₹12,000 तक बताई गई। सही तरीके से इस्तेमाल और रखरखाव किए जाने पर सामान्य लैड-एसिड बैटरी लगभग 4–5 वर्ष तक चल सकती है। यही वजह है कि बहुत से ग्राहक अभी भी पारंपरिक बैटरी को प्राथमिकता देते हैं।

लैड बैटरी की स्क्रैप वैल्यू अधिक

इसके अतिरिक्त, लैड-एसिड बैटरी का एक महत्वपूर्ण आर्थिक लाभ उसका स्क्रैप वैल्यू है। पुरानी बैटरी को बदलते समय उसके स्क्रैप से मिलने वाली राशि नई बैटरी की वास्तविक लागत को कुछ हद तक कम कर देती है। जबकि स्क्रैप लिथियम बैटरी लोहे के भाव बिकती है।

लिथियम बैटरियों की मांग बढ़ी

दूसरी ओर, बाजार में लिथियम बैटरियों की मांग भी बढ़ रही है। दिल्ली के अलावा NCR और दूसरे क्षेत्रों से भी लिथियम बैटरियों के बारे में पूछताछ बढ़ी है। कुछ प्रमुख बैटरी ब्रांडों ने भी अपने पोर्टफोलियो में लिथियम बैटरियों को शामिल करना शुरू कर दिया है। इसका एक कारण ग्राहकों की बदलती पसंद है। यदि ग्राहक विशेष रूप से लिथियम बैटरी मांगता है, तो विक्रेता के सामने उसे उपलब्ध कराने की आवश्यकता भी पैदा होती है।

लगभग 100 Ah तक की लिथियम बैटरियाँ सामान्य रूप से उपलब्ध हो रही हैं। अच्छे ब्रांड की 100 Ah लिथियम बैटरी की कीमत लगभग ₹19,000–₹20,000 तक है, जबकि कुछ लैड-एसिड बैटरी विकल्प काफी कम कीमत में उपलब्ध होते हैं।

इससे स्पष्ट है कि लिथियम बैटरी खरीदते समय केवल शुरुआती कीमत नहीं, बल्कि पूरी उपयोग अवधि का खर्च भी देखना चाहिए।

कम जगह और कम मेंटेनेंस लिथियम का बड़ा फायदा

लिथियम बैटरियों का एक महत्वपूर्ण लाभ उनका कॉम्पैक्ट आकार है। लगभग 5 kW के सेटअप में चार बैटरियों का सिस्टम लगता है। ग्राहक के पास जगह सीमित होती है, इसलिए लिथियम बैटरी सेटअप लगभग 2×2 फीट की जगह में काउंटर के अंदर लगाया जा सकता है। यही कॉम्पैक्ट डिजाइन उन जगहों पर महत्वपूर्ण हो सकता है जहां बैटरी रखने के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध नहीं होता।

इसके साथ ही लिथियम बैटरियों में पारंपरिक फ्लडेड लैड-एसिड बैटरियों की तरह नियमित पानी डालने की आवश्यकता नहीं होती। यद्यपि अब सील्ड मैंटेनेंस फ्री बैटरियाँ भी उपलब्ध हैं जिनमें पानी डालने की आवश्यकता नहीं है।

BMS लिथियम बैटरी का महत्वपूर्ण सुरक्षा तंत्र

लिथियम बैटरी और मोबाइल फोन की बैटरी में एक महत्वपूर्ण समानता यह है कि दोनों में चार्जिंग को नियंत्रित करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक सुरक्षा प्रणाली का इस्तेमाल किया जाता है।

लिथियम बैटरी पैक में BMS (Battery Management System) महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। BMS बैटरी के सेल्स की निगरानी और सुरक्षा से जुड़े कई कार्य करता है। यदि चार्जिंग सिस्टम बैटरी को आवश्यकता से अधिक चार्ज करने की कोशिश करता है, तो BMS सुरक्षा के लिए चार्जिंग को रोक सकता है।

लिथियम बैटरी खरीदते समय केवल बैटरी की Ah क्षमता या कीमत देखना पर्याप्त नहीं है। सेल की गुणवत्ता, BMS, बैटरी डिजाइन, चार्जिंग सिस्टम और निर्माता की विश्वसनीयता भी महत्वपूर्ण हैं।

सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न

लिथियम बैटरियों के बढ़ते इस्तेमाल के साथ सुरक्षा का मुद्दा भी चर्चा में है। लिथियम बैटरी पैक में बड़ी संख्या में सेल जुड़े होते हैं। यदि किसी सेल या बैटरी पैक में गंभीर खराबी आती है, तो गर्म होने, शॉर्ट-सर्किट या आग जैसी घटनाओं का जोखिम पैदा हो सकता है। ऐसी घटनाओं में आग को नियंत्रित करना तकरीबन नामुमकिन होता है।

लोकल और रिफर्बिश्ड बैटरियों से नई चुनौती

बाजार में एक अन्य चिंता लोकल और सेकंड-हैंड बैटरियों की उपलब्धता को लेकर है। कुछ कारोबारी पुरानी बैटरियों को रिफर्बिश करके उन्हें नई बैटरी के रूप में बेच रहे हैं और उनके

पते की बात

लिथियम बैटरी पैक में बड़ी संख्या में सेल जुड़े होते हैं। यदि किसी सेल या बैटरी पैक में गंभीर खराबी आती है, तो गर्म होने, शॉर्ट-सर्किट या आग जैसी घटनाओं का जोखिम पैदा हो सकता है। ऐसी घटनाओं में आग को नियंत्रित करना तकरीबन नामुमकिन होता है।

Contents

साथ सीमित अवधि की गारंटी भी दे रहे हैं। इसी तरह कुछ बाजारों में इस्तेमाल किए गए सेल्स को दोबारा पैक करके नए बैटरी पैक के रूप में बेचने की आशंका जताई जा रही है ।

ऐसे उत्पादों में सबसे बड़ी समस्या यह है कि ग्राहक के लिए यह पता लगाना मुश्किल हो सकता है कि बैटरी में वास्तव में कौन-से सेल इस्तेमाल किए गए हैं, उनकी वास्तविक क्षमता क्या है और BMS तथा अन्य सुरक्षा प्रणालियाँ किस स्तर की हैं। इसलिए केवल बाहरी बॉक्स या आकर्षक लेबल देखकर बैटरी खरीदना उचित नहीं है।

सेल खरीदकर बैटरी पैक बनाने का बढ़ता चलन

बाजार में एक और बदलाव यह है कि कई कंपनियाँ और छोटे निर्माता अलग-अलग स्रोतों से सेल खरीदकर उन्हें जोड़कर बैटरी पैक तैयार कर रहे हैं। इस तरह का बैटरी पैक बनाना अपने आप में गलत नहीं है, लेकिन इसकी गुणवत्ता पूरी तरह इस्तेमाल किए गए सेल, पैक डिजाइन, BMS, वेल्डिंग, वायरिंग, थर्मल मैनेजमेंट, परीक्षण और गुणवत्ता नियंत्रण पर निर्भर करती है।

ई-रिक्शा और EV क्षेत्र में भी बदलाव

बैटरी तकनीक में यह परिवर्तन केवल घरेलू इनवर्टर सिस्टम तक सीमित नहीं है। इलेक्ट्रिक वाहन और विशेष रूप से ई-रिक्शा क्षेत्र में भी पारंपरिक बैटरी व्यवस्था से लिथियम बैटरी की ओर बदलाव देखने को मिल रहा है।

पहले कई इलेक्ट्रिक स्कूटर या ई-रिक्शा में कई छोटी बैटरियाँ लगाई जाती थीं। अब कुछ सिस्टम में एक बड़ी लिथियम बैटरी पैक का इस्तेमाल किया जा रहा है।

इससे वजन, जगह, मेंटेनेंस और डिजाइन में बदलाव संभव होता है। लेकिन इसके साथ बैटरी पैक की गुणवत्ता, चार्जिंग सिस्टम और सर्विस सपोर्ट की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है।

सर्विस नेटवर्क भी खरीद का महत्वपूर्ण आधार

लिथियम बैटरी की सबसे बड़ी व्यावहारिक चुनौतियों में से एक सर्विस और रिपेयर नेटवर्क है। यदि किसी ग्राहक के क्षेत्र में संबंधित ब्रांड की पर्याप्त सर्विस सुविधा उपलब्ध नहीं है और बैटरी में तकनीकी समस्या आती है, तो ग्राहक को कंपनी या अधिकृत सर्विस टीम पर निर्भर रहना पड़ सकता है।

ऐसी स्थिति में सर्विस के लिए एक-दो दिन या उससे अधिक समय लग सकता है। इसलिए लिथियम बैटरी खरीदते समय केवल यह देखना पर्याप्त नहीं कि बैटरी कितने साल की वारंटी दे रही है। यह भी देखना जरूरी है कि वारंटी के दौरान वास्तविक सर्विस कौन देगा और स्थानीय

पते की बात

लिथियम बैटरी खरीदते समय केवल यह देखना पर्याप्त नहीं कि बैटरी कितने साल की वारंटी दे रही है। यह भी देखना जरूरी है कि वारंटी के दौरान वास्तविक सर्विस कौन देगा और स्थानीय स्तर पर तकनीकी सहायता कितनी आसानी से उपलब्ध है।

Contents

लैड-एसिड बैटरी अपनी कम शुरुआती कीमत, सुरक्षा व लंबे समय से स्थापित तकनीक और बेहतर स्क्रैप वैल्यू के कारण अभी भी महत्वपूर्ण है।

स्तर पर तकनीकी सहायता कितनी आसानी से उपलब्ध है।

कीमत की तुलना केवल खरीद मूल्य से नहीं होनी चाहिए

उदाहरण के लिए यदि 150 Ah की लैड-एसिड बैटरी लगभग ₹12,000 में आती है और एक लिथियम बैटरी की कीमत लगभग ₹20,000 है, तो शुरुआती खरीद में लगभग ₹8,000 का अंतर दिखाई देता है।

लेकिन वास्तविक तुलना करते समय निम्नलिखित बातों को भी ध्यान में रखना चाहिए:

✔ बैटरी की अपेक्षित जीवन अवधि
✔ कितनी बार बैटरी बदलनी पड़ेगी
✔ मेंटेनेंस खर्च
✔ बिजली की खपत और दक्षता
✔ बैटरी की वारंटी
✔ सर्विस और रिपेयर लागत
✔ पुराने उत्पाद की स्क्रैप वैल्यू
✔ इंस्टॉलेशन और चार्जिंग सिस्टम की लागत
✔ सुरक्षा और गुणवत्ता

इसलिए ग्राहक के लिए Total Cost of Ownership (TCO) के आधार पर तुलना करना अधिक उपयोगी हो सकता है।

पुरानी बैटरी ठीक है तो तुरंत तकनीक बदलना जरूरी नहीं

एक व्यावहारिक दृष्टिकोण भी सामने आया कि यदि मौजूदा लैड-एसिड बैटरी अभी सही तरीके से काम कर रही है, तो केवल नई तकनीक उपलब्ध होने के कारण उसे तुरंत बदलना सही नहीं है।

यदि मौजूदा बैटरी अपनी उपयोगी अवधि में अच्छी तरह काम कर रही है, तो उसे उसके जीवनकाल तक इस्तेमाल किया जा सकता है। इस दौरान लिथियम बैटरी की कीमत, तकनीक और सर्विस नेटवर्क में भी बदलाव हो सकते हैं।

लैड-एसिड बैटरी अपनी कम शुरुआती कीमत, सुरक्षा व लंबे समय से स्थापित तकनीक और बेहतर स्क्रैप वैल्यू के कारण अभी भी महत्वपूर्ण है, जबकि लिथियम बैटरी कम जगह, कम नियमित रखरखाव और आधुनिक BMS आधारित प्रबंधन जैसी सुविधाओं के कारण नए ग्राहकों को आकर्षित कर रही है।

लेकिन दोनों तकनीकों का चुनाव केवल कीमत या नई तकनीक के आकर्षण के आधार पर नहीं किया जाना चाहिए।

बैटरी की उम्र, उपयोग का तरीका, लोड, बैकअप की आवश्यकता, जगह, मेंटेनेंस, सर्विस नेटवर्क, सुरक्षा और निर्माता की विश्वसनीयता—इन सभी पहलुओं को ध्यान में रखना जरूरी है।

विशेष रूप से लिथियम बैटरी के मामले में अच्छे गुणवत्ता वाले सेल, विश्वसनीय BMS, उचित चार्जर/इनवर्टर, सही इंस्टॉलेशन और अधिकृत सर्विस सपोर्ट को प्राथमिकता देना अतिमहत्वपूर्ण है। ❑

रिफाइंड लैड की ज़िम्मेदार सोर्सिंग

अनौपचारिक कलेक्शन से एक पारदर्शी, ट्रेसेबल और ज़िम्मेदार सर्कुलर लैड इकॉनमी की ओर

- डॉ. सुरेश कपिती, *Entrepreneur*
कपिती ऑवरसीज़ प्रा. लि., हैदराबाद, मोबाइल न. 9701029731

भारत की लैड की कहानी अब सिर्फ़ माइनिंग तक सीमित नहीं है। अब यह इस बारे में भी है कि बैटरी की उपयोगी ज़िंदगी खत्म होने के बाद उसका क्या होता है।

हर इस्तेमाल की हुई लैड-एसिड बैटरी में कीमती लैड होता है। लेकिन बैटरी के बेकार होने और रिफ़ाइन किए गए लैड के इंडस्ट्रियल इकॉनमी में दोबारा शामिल होने के बीच एक लंबी और पेचीदा नीचे दी गई प्रक्रिया हो सकती है:-

उपभोक्ता → कलेक्शन → एग्रीगेटर →डिसमेंटलिंग → बैटरी ब्रेकिंग → स्मेल्टिंग →रिफाइनिंग→ एलॉयिंग→ मैन्युफैक्चरर→नई बैटरी

इसलिए, भारत में लैड (सीसा) का कारोबार करने वाली अगली पीढ़ी की कंपनियों के लिए सवाल सिर्फ़ यह नहीं है कि "हम कितना लैड वापस पा सकते हैं?" इससे भी ज़्यादा ज़रूरी सवाल यह है कि "क्या हम यह साबित कर सकते हैं कि लैड कहाँ से आया, उसे कैसे वापस पाया गया, उसकी प्रोसेसिंग कैसे हुई, और क्या पूरी सप्लाई चेन ज़िम्मेदार थी?"

रिफाइंड लैड की ज़िम्मेदार सोर्सिंग का यही मुख्य मतलब है।

1. भारत की लैड अर्थव्यवस्था: एक सर्कुलर अवसर

औद्योगिक धातुओं में लैड (सीसा) एक अनोखी धातु है क्योंकि इसे बार-बार रिकवर करके फिर से उपयोगी बनाया जा सकता है।

इस्तेमाल की गई लैड-एसिड बैटरी सिर्फ़ कचरा नहीं है। यह एक सेकेंडरी रॉ-मटीरियल (कच्चा माल) संसाधन है। लैड निम्नलिखित सर्कुलर लूप (चक्र) में घूम सकता है:-

इस्तेमाल की गई बैटरी → कलेक्शन →अलग-अलग करना और सुरक्षित हैंडलिंग →बैटरी रीसाइक्लिंग → लैड रिकवरी → स्मेल्टिंग → रिफाइनिंग → हाई-प्योरिटी / रिफाइंड लैड → बैटरी और इंडस्ट्रियल इस्तेमाल → इस्तेमाल का अंत (लाइफ खत्म होना) →वापस रीसाइक्लिंग के लिए

यह सर्कुलर लैड इकॉनमी का मूल सिद्धांत है।

भारत के बैटरी वेस्ट मैनेजमेंट नियम, 2022 स्पष्ट रूप से लैड, निकेल, लिथियम, कोबाल्ट, प्लास्टिक, रबर और ग्लास जैसी बैटरी सामग्रियों की रीसाइक्लिंग को मान्यता देते हैं और बैटरियों के लिए '**एक्सटेंडेड प्रोड्यूसर रिस्पॉन्सिबिलिटी**' (उत्पादक की विस्तारित जिम्मेदारी) तय करते हैं।

2. लेकिन सर्कुलर होने का मतलब अपने-आप ज़िम्मेदार होना नहीं

यह फ़र्क बहुत ज़रूरी है। किसी चीज़ को रीसायकल किया जा सकता है, भले ही उसकी सप्लाई चेन ज़िम्मेदार न हो।

उदाहरण के लिए:

बैटरी इकट्ठा की गई → रीसायकल की गई → लैड बनाया गया

यह सर्कुलर लग सकता है।

लेकिन एक ज़िम्मेदार सप्लाई चेन कहीं ज़्यादा गहरे सवाल पूछती है जैसे:-

- ✦ बैटरी कहाँ से आई थी?
- ✦ क्या इसे कानूनी तरीके से इकट्ठा किया गया था?
- ✦ इसका मालिक कौन था?
- ✦ क्या मटीरियल को किसी अधिकृत चैनल से अलग रास्ते पर भेजा गया था?
- ✦ क्या रीसाइक्लर को सही तरीके से अधिकृत किया गया था?
- ✦ क्या बैटरी को सुरक्षित तरीके से प्रोसेस किया गया था?
- ✦ क्या कर्मचारियों की सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा गया था?
- ✦ क्या उत्सर्जन को नियंत्रित किया गया था?
- ✦ क्या बचे हुए मटीरियल (रेसिड्यू) का सही तरीके से प्रबंधन किया गया था?
- ✦ क्या टैक्स और कानूनी ज़रूरतों का पालन किया गया था?
- ✦ क्या मटीरियल का पता लगाया जा सकता है?
- ✦ क्या लेन-देन आर्थिक रूप से पारदर्शी है?
- ✦ क्या खरीदार रिफ़ाइन किए गए लैड के स्रोत को साबित कर सकता है?

यहीं से ज़िम्मेदार सोर्सिंग की शुरुआत होती है।

3. असली चुनौतीः पहला चरण (फ़र्स्ट माइल)

रीसाइक्लिंग सप्लाई चेन में सबसे बड़ी कमज़ोरी हमेशा रिफ़ाइनरी नहीं होती है। असली चुनौती 'पहला चरण' (फ़र्स्ट माइल) है। सोचिए, हैदराबाद के किसी वर्कशॉप से इस्तेमाल हो चुकी गाड़ी की बैटरी निकलती है, यह इन जगहों से गुज़र सकती है:

वर्कशॉप → स्थानीय संग्रहकर्ता → छोटा व्यापारी → क्षेत्रीय एग्रीगेटर → बैटरी खोलने वाला → रीसाइक्लर → स्मेल्टर → रिफाइनर

हर चरण पर जानकारी में कमी हो सकती है।

जब तक रिफ़ाइन किया हुआ लैड बाज़ार तक पहुँचता है, तब तक अंतिम खरीदार को शायद उसके केमिकल कंपोज़िशन के बारे में तो पता हो, लेकिन ज़रूरी नहीं कि उसे उसके पूरे ओरिजिन (स्रोत) के बारे में भी पता हो।

इससे निम्नलिखित बुनियादी फ़र्क पैदा होता है:- मटीरियल की ट्रेसेबिलिटी (सामग्री का पता लगाने की क्षमता), यह कौन-सी धातु है? सप्लाई-चेन ट्रेसेबिलिटी, यह धातु कहाँ से आई?

पते की बात

रीसाइक्लिंग सप्लाई चेन में सबसे बड़ी कमज़ोरी हमेशा रिफ़ाइनरी नहीं होती है। सोचिए, हैदराबाद के किसी वर्कशॉप से इस्तेमाल हो चुकी गाड़ी की बैटरी निकलती है, यह इन जगहों से गुज़र सकती हैः वर्कशॉप, स्थानीय संग्रहकर्ता, छोटा व्यापारी, क्षेत्रीय एग्रीगेटर, बैटरी खोलने वाला, रीसाइक्लर, स्मेल्टर, रिफाइनर। हर चरण पर जानकारी में कमी हो सकती है।

एक परिपक्व लैड उद्योग को इन दोनों की ज़रूरत होती है।

4. भारत को एक "लैड पासपोर्ट" की ज़रूरत है

एक असरदार समाधान यह है कि रिफ़ाइन किए गए लैड के हर अहम बैच के लिए एक 'लैड पासपोर्ट' बनाया जाए।

इसे उस मेटल के पहचान पत्र (identity card) की तरह समझें।

लैड पासपोर्ट

बैच ID: RL-2026-XXXX

फ़ीडस्टॉक कहाँ से आया: भारत

राज्य: _______

ज़िला: _______

सप्लायर: _______

मटीरियल: इस्तेमाल की हुई लैड-एसिड बैटरी / लैड स्क्रैप

इकट्ठा करने की तारीख: _______

इनपुट की मात्रा: _______ MT

रीसाइकलर: _______

ऑथराइज़ेशन: _______

प्रोसेसिंग की तारीख: _______

रिकवर किया गया लैड: _______ MT

रिकवरी रेट: _______ %

रिफाइनिंग: _______

परख (Assay): _______ % Pb

अशुद्धियाँ: _______

वेस्ट/रेसिड्यू मैनेजमेंट: _______

EPR लिंकेज: _______

फ़ाइनल कस्टमर: _______

मकसद सीधा-सा है:

रिफाइन किए गए लैड के हर टन की एक कहानी होनी चाहिए और वह कहानी ऐसी होनी चाहिए जिसकी पुष्टि की जा सके।

5. "सबसे सस्ते लैड" से "भरोसेमंद लैड" तक

कई दशकों से, कमोडिटी मार्केट में अक्सर एक ही सवाल का दबदबा रहा है:

कीमत क्या है?

भविष्य में एक और सवाल भी जुड़ता जाएगा: क्या आप अपनी सप्लाई चेन को साबित कर सकते हैं?

इससे कॉम्पिटिटिव माहौल बदल जाता है।

एक जैसी लैबोरेटरी स्पेसिफिकेशन्स वाली दो टन रिफाइंड लैड हो सकती है।

दोनों में 99.97% लैड होता है।

लेकिन एक में ये चीज़ें होती हैं:

✔ उत्पत्ति का दस्तावेज़,

✔ वेरिफ़ाइड सप्लायर,

✔ कानूनी तौर पर इकट्ठा किया गया,

✔ ट्रेस करने लायक प्रोसेसिंग,

✔ पर्यावरण से जुड़े नियमों का पालन,

✔ कामगारों की सुरक्षा के रिकॉर्ड,

✔ दस्तावेज़ों में दर्ज लेन-देन,

✔ बैच-लेवल पर ट्रेस करने की सुविधा।

दूसरे में ये नहीं होतीं।

केमिकल के नज़रिए से, वे एक जैसे दिख सकते हैं। कमर्शियल नज़रिए से, वे ज़रूरी नहीं कि एक जैसे हों। यहीं से "ट्रस्टेड मेटल" (भरोसेमंद मेटल) की शुरुआत होती है।

6. ज़िम्मेदार सोर्सिंग = उचित जाँच-पड़ताल के 5 स्तर

भारत में ज़िम्मेदार सोर्सिंग के लिए एक मज़बूत फ्रेमवर्क में कम से कम पाँच पहलुओं की जाँच होनी चाहिए।

1. कानूनी जांच-पड़ताल (Legal Due Diligence)

पूछें: क्या सामान कानूनी तरीके से हासिल किया गया है?

जांचें:

- ✦ सप्लायर की पहचान
- ✦ GST/PAN और बिज़नेस रजिस्ट्रेशन
- ✦ खरीद से जुड़े दस्तावेज़
- ✦ सामान का मालिकाना हक
- ✦ ट्रांसपोर्ट रिकॉर्ड
- ✦ कानूनी मंजूरी/अधिकार-पत्र
- ✦ पर्यावरण से जुड़ी ज़रूरी मंजूरी
- ✦ लेन-देन का रिकॉर्ड

2. पर्यावरणीय सावधानी

लैड पुनर्चक्रण पर्यावरण के प्रति संवेदनशील गतिविधि है। इसलिए, ज़िम्मेदार स्रोत निर्धारण केवल खरीद चालान तक सीमित नहीं होना चाहिए। इसमें यह प्रश्न अवश्य पूछा जाना चाहिए: प्रसंस्करण के दौरान लैड युक्त सामग्री का क्या हुआ?

महत्वपूर्ण क्षेत्रों में शामिल हैं:

- ✦ उत्सर्जन
- ✦ अपशिष्ट जल
- ✦ धूल
- ✦ धुआँ
- ✦ लैड युक्त अवशेष
- ✦ स्लैग/राख
- ✦ मृदा संदूषण
- ✦ भूजल संरक्षण
- ✦ अपशिष्ट निपटान
- ✦ श्रमिकों का जोखिम

लैड स्क्रैप पुनर्चक्रण के लिए CPCB का दिशानिर्देश विशेष रूप से पर्यावरणीय निगरानी और परिचालन आवश्यकताओं को संबोधित करता है, जिसमें उत्सर्जन, अपशिष्ट जल, परिवेशी वायु, कार्य क्षेत्र का वातावरण, मृदा और भूजल संबंधी विचार शामिल हैं।

3. सामाजिक स्तर पर ज़रूरी जाँच-पड़ताल (Social Due Diligence)

मानवीय पहलू भी उतना ही महत्वपूर्ण है। एक ज़िम्मेदार सप्लाई चेन को इन चीज़ों को रोकने की कोशिश करनी चाहिए:-

- ✦ बाल मज़दूरी
- ✦ ज़बरदस्ती काम करवाना
- ✦ काम की असुरक्षित स्थितियाँ
- ✦ लैड के संपर्क में बेरोकटोक आना
- ✦ असंगठित क्षेत्र के मज़दूरों का शोषण
- ✦ अपर्याप्त PPE (सुरक्षा उपकरण)
- ✦ काम की जगह पर साफ़-सफ़ाई की खराब स्थिति

इसलिए, ज़िम्मेदार सोर्सिंग का मतलब है:

मेटल + लोग + धरती

सिर्फ़ मेटल की खरीद-फ़रोख़्त नहीं।

4. फाइनेंशियल और इंटीग्रिटी ड्यू डिलिजेंस (वित्तीय और ईमानदारी से जुड़ी जांच-पड़ताल)

पते की बात



एक ज़िम्मेदार सप्लाई चेन को इन चीज़ों को रोकने की कोशिश करनी चाहिए:- ✦ बाल मज़दूरी, ✦ ज़बरदस्ती काम करवाना, ✦ काम की असुरक्षित स्थितियाँ, ✦ लैड के संपर्क में बेरोकटोक आना, ✦ असंगठित क्षेत्र के मज़दूरों का शोषण, ✦ अपर्याप्त PPE (सुरक्षा उपकरण), ✦ काम की जगह पर साफ़-सफ़ाई की खराब स्थिति, इसलिए, ज़िम्मेदार सोर्सिंग का मतलब है: मेटल + लोग + धरती, सिर्फ़ मेटल की खरीद-फ़रोख़्त नहीं।

अक्सर इस पर ध्यान नहीं दिया जाता है। एक ज़िम्मेदार मेटल कंपनी को यह समझना चाहिए:

✦ हम किसे पेमेंट कर रहे हैं?

✦ हम उन्हें पेमेंट क्यों कर रहे हैं?

✦ उन्होंने मटीरियल कहाँ से हासिल किया?

✦ क्या ट्रांज़ैक्शन का सही तरीके से डॉक्यूमेंटेशन किया गया है?

✦ क्या खरीदी गई मात्रा आर्थिक और भौतिक रूप से सही है?

✦ फाइनेंशियल ट्रेल (वित्तीय लेन-देन का रिकॉर्ड) और फिजिकल ट्रेल (सामान की आवाजाही का रिकॉर्ड) आपस में मेल खाने चाहिए।

फ़िज़िकल फ़्लो

100 MT बैटरी स्क्रैप → X MT रिकवर किया गया लैड → Y MT रिफ़ाइन किया गया लैड

फ़ाइनेंशियल फ़्लो

खरीद का इनवॉइस → बैंक पेमेंट → प्रोसेसिंग की लागत → बिक्री का इनवॉइस → ग्राहक की रसीद

जब फिजिकल और फाइनेंशियल रिकॉर्ड आपस में मेल नहीं खाते, तो सप्लाई चेन की गहराई से जांच की जानी चाहिए।

7. ट्रेसेबिलिटी (पता लगाने की क्षमता) है नया इंफ्रास्ट्रक्चर

भविष्य का ज़िम्मेदार-लैड इकोसिस्टम एक आसान सिद्धांत पर काम कर सकता है। किसी भी ऐसे मटीरियल को हाई-ट्रस्ट सप्लाई चेन में शामिल नहीं किया जाना चाहिए जिसका कोई रिकॉर्ड न हो।

टेक्नोलॉजी इसे प्रैक्टिकल बना सकती है।

डिजिटल ट्रेसेबिलिटी आर्किटेक्चर

सप्लायर रजिस्ट्रेशन → मटीरियल की पहचान → GPS / ट्रांसपोर्ट रिकॉर्ड → डिजिटल वज़न → बैच नंबर → प्रोसेसिंग रिकॉर्ड → लेबोरेटरी टेस्ट → रिफ़ाइनिंग रिकॉर्ड → तैयार लैड बैच → कस्टमर → डिजिटल सर्टिफ़िकेट

इसके लिए ज़रूरी नहीं कि ब्लॉकचेन का जटिल आर्किटेक्चर हो।

यहाँ तक कि निम्नलिखित का एक व्यवस्थित संयोजन भी:

ERP + QR कोडिंग + डिजिटल वज़न + सप्लायर KYC + लेबोरेटरी रिकॉर्ड + डॉक्यूमेंट मैनेजमेंट

पारदर्शिता में ज़बरदस्त सुधार ला सकता है। ❑

पृष्ठ 15 का शेष →

जोरहाट में पॉवर-7 बैटरी...

चीज है। उसी सवाल ने मुझे यहाँ तक पहुँचाया। आज मेरी उम्मीद है कि आपको हमेशा ऐसी बैटरीज़ मिलती रहें जिन पर आप भरोसा कर सकें। यह सिर्फ बैटरी का सफ़र नहीं, 50 साल के भरोसे का सफर है।

आज हम विभिन्न प्रकार की लैड-एसिड स्टोरेज़ बैटरी के निर्माता और आपूर्तिकर्ता के रूप में अपना परिचय देते हैं। हमारा उद्देश्य भारत में विभिन्न अनुप्रयोगों में उपयोग किए जा रहे नए और गतिशील उत्पादों की बढ़ती मांग की चुनौतियों को पूरा करना है। हमारी यूनिट हीट-सील्ड ट्यूबलर, ऑटोमोटिव, सोलर और लो-मेंटेनेंस बैटरी का निर्माण कर रही है।

हमारी विनिर्माण इकाई- एस.के. इंडस्ट्रीज़, इंडस्ट्रियल एस्टेट, सिनमोरा, जोरहाट-785006, असम में स्थित है और हमारा कार्यालय पावर-7 बैटरी हाउस, फैंसी अली, जोरहाट - 785001, असम में स्थित है। ❑

कंटेनर में रखे बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम पर 5% GST की मांग

रिन्यूएबल एनर्जी डेवलपर्स ने सरकार से मांग की है कि वे स्टैंडअलोन यूटिलिटी-स्केल या कंटेनर-बेस्ड बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम (BESS) पर लगने वाले गुड्स एंड सर्विस टैक्स को 18 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दें। यह मांग सोलर मॉड्यूल जैसे रिन्यूएबल एनर्जी प्रोजेक्ट्स में इस्तेमाल होने वाले इक्विपमेंट पर लगने वाले टैक्स के बराबर करने और इनके तेज़ी से इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए की गई है।

नेशनल सोलर एनर्जी फैडरेशन ऑफ़ इंडिया ने रिन्यूएबल एनर्जी मिनिस्ट्री को दिए एक लिखित ज्ञापन में कहा है कि GST की ऊंची दर की वजह से ऐसे प्रोजेक्ट्स कम कॉम्पिटिटिव हो रहे हैं। यह बात ऐसे समय में सामने आई है जब सोलर एनर्जी के उत्पादन के समय ग्रीन एनर्जी की कटौती को लेकर चिंताएं बढ़ रही हैं, जिसे एनर्जी स्टोरेज़ जोड़कर रोका जा सकता है।

इस मामले से जुड़े लोगों के अनुसार, फैडरेशन ने पत्र में कहा है कि BESS पर GST कम होने से स्टोरेज की लेवलाइज़्ड कॉस्ट (LCOS) में लगभग ₹0.25-0.41 प्रति यूनिट की बचत हो सकती है।

इसमें कहा गया है कि BESS को सोलर मॉड्यूल और विंड टर्बाइन की तरह ही 'जेनरेशन एसेट' माना जाना चाहिए और बैटरी सेल समेत BESS कंटेनर पर भी 5% की GST दर लागू की जानी चाहिए।

आमतौर पर, बैटरी कंटेनर पूरे BESS सिस्टम की लागत का लगभग 85-90 प्रतिशत हिस्सा होते हैं। इस कदम से BESS प्रोजेक्ट्स को सोलर और विंड पावर प्रोजेक्ट्स की तरह 'कम्पोजिट कॉन्ट्रैक्ट' (संयुक्त अनुबंध) के तौर पर माना जा सकेगा, जिससे प्रोजेक्ट को लागू करना आसान होगा और इसकी कमर्शियल व्यवहार्यता (व्यावसायिक रूप से सफल होने की क्षमता) बेहतर होगी।

सेंट्रल इलेक्ट्रिसिटी अथॉरिटी ने अनुमान लगाया है कि 2032 तक 411.4 GWh की एनर्जी स्टोरेज़ क्षमता की ज़रूरत होगी, जिसमें पंप-स्टोरेज़ प्रोजेक्ट्स से 175.18 GWh और BESS से 236.22 GWh शामिल होंगे।

पत्र में कहा गया है कि बड़े पैमाने पर इसे लागू करने की संभावना को देखते हुए, स्टोरेज की लागत (लेवलाइज़्ड कॉस्ट) में कमी से लगभग ₹24,000 करोड़ का अनुमानित 'नेट प्रेज़ेंट वैल्यू' फ़ायदा हो सकता है; यह राशि लगभग ₹20,000 करोड़ के अनुमानित GST रेवेन्यू के नुकसान से ज़्यादा है। ❑

राजस्थान PM-KUSUM के तहत डिसेंट्रलाइज़्ड सोलर क्षमता में सबसे आगे

सोलर पंप के मामले में तीसरे स्थान पर

लोकसभा में दी गई जानकारी के अनुसार, केंद्र सरकार की प्रमुख **PM-KUSUM योजना** के तहत विकेंद्रीकृत सोलर पावर प्लांट लगाने में राजस्थान देश का अग्रणी राज्य बनकर उभरा है और स्टैंडअलोन सोलर पंप लगाने के मामले में तीसरे स्थान पर है।

राजस्थान के चूरू से **सांसद राहुल कस्वां** के सवालों का जवाब देते हुए झुंझुनू लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्तमान **सांसद बृजेंद्र सिंह ओला** व **नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री श्रीपद येसो नाइक** ने कहा कि राजस्थान सक्रिय राज्य भागीदारी और अधिक किसान जागरूकता से प्रेरित होकर प्रधान मंत्री-किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पीएम-कुसुम) को लागू करने में अग्रणी राज्यों में से एक है।

'कंपोनेंट A' के तहत, जो किसानों की ज़मीन पर 2 MW तक के डिसेंट्रलाइज़्ड सोलर पावर प्लांट लगाने में मदद करता है, राजस्थान ने 2021-22 से अब तक 1,236 MW से ज़्यादा क्षमता चालू की है—जो देश में सबसे ज़्यादा है। अकेले 2026-27 की पहली तिमाही में, राज्य ने 500.09 MW क्षमता जोड़ी, जो उस दौरान पूरे देश में लगाई गई 673.97 MW क्षमता का लगभग 74% है।

यह राज्य 'कंपोनेंट B' के तहत भी एक अहम प्रदर्शन करने वाले राज्य के तौर पर उभरा है, जिसने 2020-21 से जून 2026 के बीच 1,27,639 स्टैंडअलोन सोलर पंप लगाए हैं। राजस्थान इस मामले में सिर्फ़ महाराष्ट्र (5,51,971 पंप) और हरियाणा (1,94,969) से पीछे है, जबकि उत्तर प्रदेश और झारखंड टॉप पांच राज्यों में शामिल हैं। राष्ट्रीय स्तर पर, इस योजना के तहत 11.49 लाख स्टैंडअलोन सोलर पंप लगाए गए हैं। ❏

बैटरी में धमाके के बाद आग का गोला बनी इलेक्ट्रिक स्कूटी

बाल-बाल बचे दो बच्चे

सूरतगढ़ में 24 अगस्त को बाबा रामदेव मंदिर क्षेत्र में इलेक्ट्रिक स्कूटी की बैटरी में अचानक तेज धमाका होने के बाद भीषण आग लग गई। घटना के समय स्कूटी पर सवार एक बालक ने समय रहते नीचे कूदकर अपनी जान बचाई। वहीं पास मौजूद दूसरे बच्चे ने भी फुर्ती दिखाते हुए सुरक्षित दूरी बना ली। कुछ ही देर में आग ने पूरी स्कूटी को अपनी चपेट में ले लिया और वाहन जलकर पूरी तरह खाक हो गया। पूरी घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है।

घटना के बाद इलेक्ट्रिक वाहनों की बैटरी और चार्जिंग के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। ❑

Stay Updated All The Time!!!

ONLINE BATTERY DIRECTORY

NOW YOU WILL GET LIST OF ALL - MANUFACTURERS | DISTRIBUTORS | EXPORTERS | IMPORTERS | ISO FIRMS | DEALERS | EMAILS at one click!!!

Uniting Small Scale Battery Industry 41 years of Publication 1985 - 2026

Contact:-

BATTERY DIRECTORY & YEAR BOOK
510, Janta Flats , G.T.B. Enclave, DELHI-110 093
Mob.: +91 9810268067, Shekhar : +91 9910699538
E-mail : battdir@gmail.com Website : www.batterydirectory.co.in

इलेक्ट्रिक स्कूटी की बैटरी फटी: घर में लगी आग

शामली के बाबरी-हिरणवाड़ा मार्ग पर हरिजन बस्ती में 3 सितम्बर की सुबह करीब साढ़े तीन बजे एक इलेक्ट्रिक स्कूटी की बैटरी तेज आवाज के साथ फट गई। बैटरी फटते ही घर में आग लग गई। घटना के समय मकान मालिक सुरेंद्र कुमार का बेटा उमेश कमरे में सो रहा था।

कमरे में धुआं भरने पर उमेश की अचानक आंख खुल गई। सामने आग की लपटें देखकर वह हैरान रह गया। उसने किसी तरह कमरे से बाहर निकलकर अपनी जान बचाई।

शोर सुनकर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंचे और आग बुझाने लगे। आग ने देखते ही देखते कमरे में रखे सामान को अपनी चपेट में ले लिया। आग इतनी तेजी से फैली कि परिवार को सामान बाहर निकालने का मौका नहीं मिला।

हादसे में इलेक्ट्रिक स्कूटी के अलावा बिस्तर, मेज-कुर्सी, मिक्सी, मोबाइल और पंखा समेत अन्य घरेलू सामान जलकर राख हो गया। परिवार के अनुसार, आग लगने से करीब डेढ़ लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

इस घटना के बाद परिवार में डर का माहौल है। इलेक्ट्रिक स्कूटी की बैटरी फटने से लगी आग ने आसपास के लोगों को भी चिंतित कर दिया है। ❑

शान्ति की गहराइयों में ही ईश्वर की आवाज सुनी जा सकती है।

चार्जिंग करते समय ई-रिक्शा बैटरी में विस्फोट

गोदाम में आग लगने से दो की मौत

पश्चिमी दिल्ली के रघुबीर नगर इलाके में 17 अगस्त की सुबह संदिग्ध विस्फोट के बाद एक गोदाम में आग लग गई। हादसे में 17 वर्षीय किशोर समेत दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, मृतकों की पहचान बिहार के भागलपुर निवासी 17 वर्षीय मोहम्मद सुफेद और उसके 38 वर्षीय मामा अहमद के रूप में हुई है। दोनों ई-रिक्शा की बैटरियां चार्ज कर रहे थे, तभी आग लग गई।

दिल्ली अग्निशमन सेवा को सुबह 4:42 बजे आग लगने की खबर मिली। आग रघुबीर नगर के पांच मंजिला इमारत की पहली मंजिल में लगी थी। रिपोर्ट के अनुसार, बैटरी में संदिग्ध विस्फोट के बाद वहां रखे घरेलू सामान में भी आग गई। आग पर दमकल ने कड़ी मशक्कत के बाद काबू पाया। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, पीसीआर कॉल मिलने के बाद उनकी एक टीम घटना स्थल पर पहुंची। यहां से वे सुफेद व अहमद को गुरु गोबिंद सिंह अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। ❑

आपको टेस्ट का स्वागत करना चाहिए क्योंकि इससे आपको आत्मविश्वास मिलता है और प्रमोशन पक्का होता है।

ई-स्कूटर या उनकी बैटरी की वजह से 2,000 से ज़्यादा आग लगने की घटनाएं हुईं

BBC Verify की 'फ्रीडम ऑफ़ इन्फॉर्मेशन' रिक्वेस्ट से पता चलता है कि **यूके में 2019 और 2025 के बीच** ई-बाइक, ई-स्कूटर या उनकी बैटरी की वजह से 2,000 से ज़्यादा आग लगने की घटनाएं हुईं। आंकड़ों से पता चलता है कि ऐसी घटनाओं की संख्या हर साल बढ़ रही है और लगभग आधी आग घरों या गैरेज में लगी।

लंदन फायर ब्रिगेड के अनुसार जिन आग की घटनाओं में से कई में सेकंड-हैंड गाड़ियां शामिल थीं या बाइक में ऑनलाइन खरीदे गए पार्ट्स का इस्तेमाल करके बदलाव किया गया था।

ई-बाइक और ई-स्कूटर से लगी आग के फुटेज से पता चलता है कि ये गाड़ियां कितनी तेज़ी से धुआं छोड़ सकती हैं और फिर फट सकती हैं, जिससे कुछ ही मिनटों में आग फैल जाती है।

यूके में फायर और रेस्क्यू सर्विस ने इन आग की घटनाओं में जो मौतें दर्ज की हैं, उनमें ऐसे मामले शामिल हैं जिनमें लोग जलते हुए घरों के अंदर फंस गए, ऊंची खिड़की से आग से बचकर निकलने की कोशिश में मारे गए, या ज़हरीला धुआं अंदर जाने से उनकी मौत हो गई। ❑

ईश्वर पर विश्वास करें क्योंकि मानव जाति के लिए ईश्वर एक है, बेशक उसे अनेक नामों से पुकारा जाता है।

– भगवान श्री सत्य साई बाबा

पुरानी EV बैटरियों से ग्रेफाइट रिकवर करेगी LICO



लिको मैटिरियल्स (LICO Materials) ने एंड-ऑफ-लाइफ लिथियम-आयन बैटरियों और बैटरी मैन्युफैक्चरिंग स्क्रैप से ग्रेफाइट रिकवर करने की प्रक्रिया विकसित की है। कंपनी के अनुसार, वह भारत की पहली कंपनी है जो पुरानी बैटरियों और सेल मैन्युफैक्चरिंग स्क्रैप से ग्रेफाइट रिकवर कर Epsilon Advanced Materials (EAM) को सप्लाई करेगी। रिकवर किए गए ग्रेफाइट का इस्तेमाल ग्रेफाइट एनोड मटेरियल के लिए सेकेंडरी फीडस्टॉक के रूप में किया जाएगा।

लिथियम-आयन बैटरी के वजन में ग्रेफाइट की हिस्सेदारी करीब 20-30% होती है और यह बैटरी के एनोड के लिए एक प्रमुख मैटेरियल है। वर्तमान में चीन वैश्विक ग्रेफाइट रिफाइनिंग में 90% से अधिक, माइनिंग में करीब 80% और एनोड एक्टिव मटेरियल उत्पादन में 90% से अधिक हिस्सेदारी रखता है। इंटरनेशनल एनर्जी एजेंसी के अनुसार, 2035 में बैटरी-ग्रेड ग्रेफाइट की वैश्विक सप्लाई में चीन की हिस्सेदारी करीब 80% रह सकती है।

भारत में घरेलू बैटरी मैन्युफैक्चरिंग बढ़ने के साथ ग्रेफाइट की मांग भी बढ़ने की उम्मीद है। मिनिस्ट्री ऑफ हेवी इंडस्ट्रीज़ के हवाले से दिए गए आंकड़ों के अनुसार, भारत में लिथियम-आयन बैटरी की मांग 2030 तक 210 GWh तक पहुंच सकती है। इसके लिए हर साल अनुमानित 2 लाख से 2.3 लाख टन ग्रेफाइट एनोड मैटेरियल की जरूरत होगी। ऐसे में पुरानी बैटरियों और मैन्युफैक्चरिंग स्क्रैप से ग्रेफाइट रिकवर करना घरेलू सप्लाई के लिए एक अतिरिक्त स्रोत बन सकता है।

